| |
|---|
| समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं। |

पत्र संख्या :................................/सम्ब.अनु./2018

दिनांक :..........................................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

प्रबन्धक/प्राचार्य,
सहयुक्त राजकीय महाविद्यालय, सहायता प्राप्त अशासकीय,
एवं स्ववित्तपोषित, महाविद्यालय,
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**विषयः–अहिल्याबाई कन्या निःशुल्क योजना के अन्तर्गत सत्र 2017–18 में राज्य विश्वविद्यालय परिसर, राजकीय महाविद्यालय, सहायता प्राप्त अशासकीय, एवं स्ववित्तपोषित, महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर अध्ययनरत छात्राओं की संख्या, लिये जाने वाले शुल्क का विवरण एवं निःशुल्क शिक्षा के फलस्वरूप आने वाले व्यय भार की सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0) उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के पत्र संख्या : डिग्री प्लान/1219–1245/2018–19 दिनांक 04.07.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से शासन द्वारा प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालय परिसर, राजकीय महाविद्यालय, सहायता प्राप्त अशासकीय, एवं स्ववित्तपोषित, महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर अध्ययनरत छात्राओं की संख्या, लिये जाने वाले शुल्क का विवरण एवं निःशुल्क शिक्षा के फलस्वरूप आने वाले व्यय भार की सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि सत्र 2017–18 में अध्ययनरत छात्राओं की संख्या सहित समस्त वांछित सूचनाएं Excel Sheet पर तैयार कर निदेशालय के ई–मेल dhedegreeplan@gmail.com पर तत्काल उपलब्ध कराने एवं उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(रणजीत)
उप कुलसचिव
कृते कुल सचिव

संख्या : Af–15759–62 दिनांक : 09/7/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम आशियाना, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सन्दर्भित सूचना शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा उ0प्र0 को अपने स्तर से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. इन्चार्ज वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

(रणजीत)
उप कुलसचिव
कृते कुल सचिव

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ०शि०),
शिक्षा डिग्री प्लान अनुभाग,
उ०प्र०, इलाहाबाद।

सेवा में,

समस्त कुल सचिव,
राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश ।

पत्रांक : डिग्री प्लान/ 1219-1245 /2018-19 दिनांक : 4-07-2018

विषय : अहिल्या बाई कन्या निःशुल्क योजना के अन्तर्गत सत्र 2017-18 में राज्य विश्वविद्यालय परिसर, राजकीय महाविद्यालय, सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर अध्ययनरत छात्राओं की संख्या, लिये जाने वाले शुल्क का विवरण एवं निःशुल्क शिक्षा के फलस्वरूप आने वाले व्यय भार की सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्रांक डिग्री प्लान/911-36/2018-19 दिनांक 18.06.2018 एवं पत्रांक 958-84/2018-19 दिनांक 27.06.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अहिल्या बाई कन्या निःशुल्क योजना के अन्तर्गत सत्र 2017-18 में राज्य विश्वविद्यालय परिसर, राजकीय महाविद्यालय, सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर अध्ययनरत छात्राओं की संख्या, लिये जाने वाले शुल्क का विवरण एवं निःशुल्क शिक्षा के फलस्वरूप आने वाले व्यय भार की सूचना समेकित रूप से निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 30 जून 2018 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था।

शासन द्वारा पत्र संख्या-999/सत्तर-4-2018-1199/2017 दिनांक 18 जून 2018 एवं पत्र संख्या-1046/सत्तर-4-2018-1199/2017 दिनांक 02 जुलाई 2018 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा प्रदेश में स्नातक स्तर पर अध्ययनरत समस्त छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु राज्य विश्वविद्यालयायें एवं महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों/संकायों के सन्दर्भ में ली जानी वाली फीस का विवरण, छात्रों की संख्या एवं व्यय भार /सूचना निर्धारित प्रारूप पर अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है । आप अवगत हैं कि सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है एवं प्रकरण समयबद्ध एवं अत्यन्त महत्वपूर्ण है ।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि सत्र 2017-18 में राज्य विश्वविद्यालय परिसर, राजकीय महाविद्यालय, सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की संख्या, लिये जाने वाले शुल्क का विवरण तथा आने वाले व्यय भार की, सूचना पूर्व प्रेषित संलग्न प्रारूप पर समेकित रूप से निदेशालय के ई-मेल dhedegreeplan@gmail.com पर दिनांक 7.07.2018 तक एक्शल सीट पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्रति शासन को भी उपलब्ध करानी सुनिश्चित करें । प्रकरण अत्यन्त संवेदनशील, समयबद्ध एवं महत्वपूर्ण है । अतः इसमें किसी भी प्रकार के विलम्ब का पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा ।

संलग्नक :

भवदीया,

डॉ० (प्रीति गौतम)
शिक्षा निदेशक (उ०शि०)
उ०प्र०, इलाहाबाद।

पृ०सं० डिग्री प्लान/ /2018-19 तददिनांक ।

प्रतिलिपि-

1. सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित ।
2. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ पुनः प्रेषित कि अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय से सम्पर्क कर राज्य विश्वविद्यालय परिसर, राजकीय महाविद्यालय, सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में सत्र 2017-18 स्नातक स्तर पर अध्ययनरत छात्राओं की संख्या एवं छात्राओं से ली जाने वाली शुल्क की सूचना व्ययभार सहित संलग्न प्रारूप (एक्सेल शीट) पर दिनांक 07 जुलाई 2018 तक निदेशालय के उल्लिखित ई-मेल पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । प्रकरण समयबद्ध एवं अत्यन्त महत्वपूर्ण है । अतः शीर्ष प्राथमिकता प्रदान किया जाय । निर्धारित तिथि तक सूचना उपलब्ध न कराने पर शासन को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जायेगा ।

URGENT
F.O/DSW
GA

डॉ० (प्रीति गौतम)
शिक्षा निदेशक (उ०शि०)
उ०प्र०, इलाहाबाद।